बिहार सरकार

शिक्षा विभाग, पश्चिम चम्पारण

(प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा)

शिक्षा भवन, डाक बंगला रोड, न्यू कॉलोनी, बेतिया

E-mail-ssawchamparan@gmail.com

पत्रांक :- SSA /MGT/120 दिनांक :- 19/01/2024

अनुपयोगी फर्निचर तथा सामग्री की नीलामी के संबंध में अल्पकालीन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शिक्षा विभाग पश्चिम चम्पारण के अन्तर्गत समग्र शिक्षा शाखा के अनुपयोगी फर्निचर तथा अन्य सामग्रियों की बोली के माध्यम से नीलामी हेतु सूचना प्रकाशित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति इस निविदा में हिस्सा ले सकते है। नीलामी की सामान्य शर्तें निम्नवत है :-

क) उक्त नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को प्रतिभूति (सिक्यूरिटी) राशि के रूप में 10,000/- दस हजार रू० का बैंक ड्राफ्ट जो ***BEP-Other Fund West Champaran*** के नाम से देय तथा बेतिया में भुगतेय हो उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

ख) नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपना परिचय-पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें पैन कार्ड एवं आधार कार्डकी प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

ग) नीलामी में भाग लेने के समय मूल परिचय पत्र उपस्थापित करना होगा।

घ) नीलामी में अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/फर्म को नीलामी की समस्त राशि 3 दिनों के अन्दर बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा।

ड०) नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति का नीलामी के एक सप्ताह के अन्दर नीलामी की राशि जमा कर सामग्रियों के उठाव कर लेने संबंधी एक शपथ-पत्र समर्पित करना होगा।

च) नीलामी में हिस्सा लेने वाले व्यक्ति/फर्म को सूचना प्रकाशन के 7वें दिन (7वॉ दिन अवकाश होने पर उसके अगले कार्यालयी कार्य दिवस) तक प्रतिभूति राशि के डिमांड ड्राफ्ट एवं पैन तथा आधार की छायाप्रति के साथ अपनी सहमति पत्र एवं शपथ-पत्र दूरभाष संख्या सहित जिला कार्यकम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा शाखा, न्यू कॉलोनी, डाक बंगला रोड, बेतिया के कार्यालय में डाक अथवा होथें-हाथ जमा कराना अनिवार्य होगा।

छ) वैसे व्यक्ति जिनके द्वारा कंडिका (च) को पुरा नहीं किया जाता है, वें नीलामी प्रकिया में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

ज) नीलामी में हिस्सा लेने वाले व्यक्ति/फर्म सहमति पत्र के साथ पैकेज विषेश या सभी पैकेज का उल्लेख करना अनिवार्य होगा जिसके लिए वें नीलामी में हिस्सा लेना चाहते है।

झ) नीलामी संबंधी सूचना पत्रांक **SSA/MGT/3826** दिनांक 11.12.2023 के आलोक में पूर्व से प्राप्त आवेदन मान्य होंगे तथा वैसे आवेदनकर्त्ता जो पूर्व में शपथ-पत्र संलग्न नहीं किये थे, शपथ-पत्र जमा कर नीलामी में हिस्सा ले सकेंगे।

ञ) नीलामी हेतु तिथि निर्धारित होने पर इसकी सूचना आपको दूरभाष के माध्यम से कार्यालय द्वारा दी जायेगी।

ट) नीलामी में प्रयुक्त होने वाले वाहन एवं मजदूर के मजदूरी का व्यय भेण्डर को व्यय करना होगा।

ठ) नीलामी के संबंध में अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम और मान्य होगा।

19.01.2024

जिला शिक्षा पदाधिकारी
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।